प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**18.45 सोमवार** **दिनांक 23.12.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- रायपुर जिले के आरंग सहित आज देश के विभिन्न स्थानों में हुआ रोजगार मेले का आयोजन—प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई गई है।

- नई दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में मुख्यमंत्री ने प्रमुख उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

- कांकेर जिले में पुलिस ने पच्चीस लाख रूपए के इनामी माओवादी नेता प्रभाकर राव को गिरफ्तार किया है।

- बस्तर जिले में महतारी वंदन योजना में सनी लियोन को हितग्राही के रूप में शामिल करने के मामले में प्रशासन ने संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त करने के साथ ही पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी को निलंबित किया।

**<u>प्रधानमंत्री—रोजगार मेला</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से इकहत्तर हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं।

***भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है।***

इस बीच, आज रायपुर जिले के पास आरंग में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप केन्द्र में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र बलों और अन्य केन्द्रीय विभागों के चुने हुए चार सौ से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मौजूद केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक ऐतिहासिक कदम है।

## मुख्यमंत्री–इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से आज नई दिल्ली में इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति की खूबियों को रेखांकित करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ–साथ सिंगल–विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती हैं। मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में शामिल प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को पन्द्रह हजार एक सौ चौरासी करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## माओवादी–गिरफ्तार / हत्या / स्मारक

कांकेर जिले में पुलिस ने माओवादी लीडर प्रभाकर उर्फ बालमुरी नारायण राव को गिरफ्तार किया है। प्रभाकर राव पिछले चालीस वर्षों से नक्सल संगठन में सक्रिय था और इस पर पच्चीस लाख रूपए का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से प्रभाकर के कांकेर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली थी। इसके आधार पर अंतागढ़ पुलिस द्वारा की गई नाकेबंदी के दौरान प्रभाकर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि प्रभाकर की गिरफ्तारी पुलिस बल की एक महत्वपूर्ण सफलता है।

इस बीच, बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा तीन ग्रामीण युवकों की हत्या करने का मामला सामने आया है।

इसी जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए एक नक्सली स्मारक को ध्वस्त कर दिया है। यह स्मारक ग्राम कोमटपल्ली के जंगल में स्थापित किया गया था।

**आईईडी–बरामद**

इस बीच, नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली डीआरजी और बीएसएफ की टीम ने पन्द्रह आईईडी बरामद किए हैं। सुरक्षा बलों की यह संयुक्त टीम कच्चापाल कैम्प से तोकमुसेर गांव की ओर गश्त पर रवाना हुई थी। इसी दौरान टीम ने पहाड़ी में माओवादियों द्वारा श्रृंखलाबद्ध तरीके से लगाए गए करीब पांच–पांच किलो के पन्द्रह आईईडी को बरामद किया है। इन्हें बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

**कांग्रेस–घेराव**

प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति और विभिन्न विभागों में भर्तियों में कथित अनियमितता के खिलाफ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का प्रयास

किया। उन्हें रोकने के लिए पुलिस द्वारा जगह–जगह बैरीकेड्स लगाए गए थे। घेराव से पहले नगर–निगम मुख्यालय के पास कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और वहां एक सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब सहित अनेक वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए।

सभा के बाद जब कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने के लिए आगे बढ़े तो पुलिस ने उन्हें बीच में रोक दिया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बैरीकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया, जिन्हें तितर–बितर करने के लिए पुलिस को उन पर पानी की बौछारें भी करनी पड़ी।

**महतारी वंदन योजना–कार्रवाई**

राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना में हितग्राही के रूप में फिल्म अभिनेत्री सनी लियोन का नाम सामने आने के बाद प्रशासन ने संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। यह मामला बस्तर जिले के तालुर गांव का है।

इस मामले में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी को निलंबित करने की कार्रवाई भी गई है।

इसके अलावा तत्तकालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

प्रशासन ने आरोपी वीरेन्द्र कुमार जोशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के बैंक खाते को सीज कर भुगतान की गई राशि को वसूल करने की कार्रवाई की जा रही है।

आरोप है कि वीरेन्द्र कुमार जोशी ने फर्जीवाड़ा करते हुए सनी लियोन के नाम से आवेदन किया था और उसमें अपना आधार नंबर तथा बैंक खाते की जानकारी डाली थी।

## किसान दिवस

आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती है। यह दिवस राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी किसानो को राष्ट्रीय किसान दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानो के हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीआरएसआई–सम्मेलन

रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय जनसंपर्क प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन–पीआरएसआई के छियालीसवें सम्मेलन के समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनसंपर्क की ताकत संचार कौशल में है। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में जनसंपर्क के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया।

## तीजन बाई–इलाज

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर पद्म विभूषण तीजन बाई का रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स में इलाज शुरू हो गया है। वे कुछ समय से बीमार चल रही हैं। अब तक विशेषज्ञों की देखरेख में तीजन बाई का इलाज उनके भिलाई स्थित घर में ही किया जा रहा था। तीजन बाई की देखरेख के लिए प्रशासन द्वारा मेडिकल आफिसर और फिजियोथिरेपिस्ट को भी नियुक्त किया गया था। डाक्टरों की टीम रोजाना उनकी स्वास्थ्य जांच कर मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर रही थी।

**रेलवे–पुरस्कार**

बीते इक्कीस दिसंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक सौ एक रेलवे अधिकारियों को अति–विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में रायपुर रेलमंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर हरीश कुमार बंजारे भी शामिल हैं। श्री बंजारे ने रायपुर–नागपुर के बीच तीसरी लाइन रेलवे विद्युतीकरण कार्य संबंधी परियोजना को कम समय अवधि में पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**मौसम**

प्रदेश में कल से रात का तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने सत्ताईस और अट्ठाईस दिसंबर को उत्तर छत्तीसगढ़ में हल्की वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि तीस दिसंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो सकता है।

**संक्षिप्त समाचार**

– इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई का कल रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। मड़ई युवा महोत्सव का ओवर ऑल चैंपियन कृषि महाविद्यालय रायपुर को घोषित किया गया। समापन समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए।

– श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन कल चौबीस दिसंबर को रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में प्रदेश के छियासठ हज़ार से अधिक श्रमवीरों और उनके परिवार जनों के खाते में अड़तालीस करोड़ से अधिक की राशि अंतरित करेंगे।

–	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिकंदराबाद रेलमंडल के अंतर्गत मोटूमारी स्टेशन में तीसरी लाइन के कार्य के कारण कोचुवेल्ली और कोरबा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन छब्बीस दिसंबर से आठ जनवरी तक रद्द रहेगी।